इकाई प्रश्न पत्र 2

1. निम्नलिखित शब्दों में सही वर्तनी पहचानिए।

(क)	श्रीमती	✓	श्रीमति	☐	श्रिमती	☐
(ख)	सप्ताहिक	☐	साप्ताहिक	✓	साप्ताहीक	☐
(ग)	परिश्रमिक	☐	परीश्रामिक	☐	पारिश्रमिक	✓

2. संधि कीजिए।

(क) महा + आशय **महाशय** (ख) गण + ईश **गणेश**

(ग) उत् + चारण **उच्चारण** (घ) यदि + अपि **यद्यपि**

3. दो-दो पर्यायवाची दीजिए।

(क) जल **पानी, नीर** (ख) कमल **पंकज, जलज**

(ग) पंछी **खग, विहग** (घ) बादल **मेघ, वारिद**

4. विलोम शब्द लिखिए।

(क) उत्कर्ष **अपकर्ष** (ख) पवित्र **अपवित्र**

(ग) आदि **अंत** (घ) सक्रिय **निष्क्रिय**

5. अर्थ लिखकर अंतर स्पष्ट कीजिए।

(क) शस्त्र **हाथ में लेकर चलाया जाने वाला हथियार**

(ख) अंबर **आसमान**

(ग) शास्त्र **धर्म, साहित्य इत्यादि से संबंधित ग्रंथ**

(घ) अंबार **ढेर सारा**

6. निम्नलिखित उपसर्गों एवं प्रत्ययों के प्रयोग से शब्द रचिए।

(क) अन **अनजान** (ख) वाला **दूधवाला**

(ग) इत **लिखित** (घ) बा **बाअदब**

7. निम्नलिखित वाक्यांशों के लिए एक शब्द चुनिए।

(क) सदा रहने वाला –

अमर ☐ शाश्वत ✓

(ख) जिसकी बुद्धि कुशा के अग्र भाग की तरह तीव्र हो –

चालाक ☐ कुशाग्रबुद्धि ✓

(ग) जिसका अंत न हो –

अजर	☐	अनंत	☑

(घ) क्षमा के योग्य –

अपराधी	☐	क्षम्य	☑

8. विग्रह कर समास का नाम चुनिए।

(क) **नीलकंठ** – नील कंठ हो जिसका अर्थात शिव (तत्पुरुष, **बहुव्रीहि**)

(ख) **चतुर्भुज** – चार भुजाओं का समाहार (**द्विगु**, बहुव्रीहि)

(ग) **राजकुमार** – राजा का कुमार (द्वंद्व, **तत्पुरुष**)

(घ) **पीतांबर** – पीत है जो अंबर (बहुव्रीहि, **कर्मधारय**)

9. निम्नलिखित वाक्यों को निर्देशानुसार बदलिए।

(क) **कटु वचन बोलने वाले को कोई पसंद नहीं करता। (मिश्र वाक्य)**

जो कटु वचन बोलता है। उसे कोई पसंद नहीं करता।

(ख) **जब हम आए तब आप सो रहे थे। (सरल वाक्य)**

जब हम आए आप सो रहे थे।

(ग) **कविता दुकान पर जाकर फल ले आई। (संयुक्त वाक्य)**

कविता दुकान पर गई और फल ले आई।

10. मुहावरों के सही अर्थ को पहचानिए।

(क) अक्ल का दुश्मन	–	चालाकी दिखाना	☐	मूर्ख व्यक्ति	☑
(ख) ओखल में सिर देना	–	मुसीबत मोल लेना	☑	एकता में बल	☐
(ग) आड़े हाथों लेना	–	खरी-खोटी सुनाना	☑	बुरी तरह हराना	☐

11. इन लोकोक्तियों का अर्थ लिखिए।

(क) दीवारों के भी कान होते हैं

गुप्त बातें सार्वजनिक स्थान पर नहीं करनी चाहिए।

(ख) ऊँची दुकान फीका पकवान

गुण कम दिखावा अधिक

(ग) अंधों में काना राजा

मूर्खों में थोड़ा समझदार भी श्रेष्ठ होता है।

12. टीम की विजय पर दो मित्रों की बातचीत लिखिए तथा उसमें लगने वाले विराम-चिह्नों के नाम भी लिखिए।

हरि – भारत 2011 में क्रिकेट वर्ल्ड कप जीता था न? (प्रश्नवाचक)

मदन – हाँ, फाइनल श्रीलंका के साथ हुआ था। (अल्पविराम, पूर्णविराम)

हरि – क्या खेली थी भारत की टीम! (विस्मयादिबोधक चिह्न)

मदन – धोनी को वर्ल्ड के सफल कैप्टन की उपाधि मिली। (पूर्णविराम)

हरि – युवराज सिंह का प्रदर्शन काफ़ी अच्छा रहा। (पूर्णविराम)

मदन – हाँ, उसे 'मैन ऑफ़ द सीरीज' चुना गया।
(अल्पविराम, इकहरा उद्धरण चिह्न, पूर्णविराम)